य एषु सुप्तेषु जागर्ति | पृष्ठ 16 | मूल्य 4.50 | **जयपुर, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024** | फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया संवत् 2080

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

राजस्थान पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान विज्ञान महोत्सव

वैज्ञानिकों के बल पर विकसित राष्ट्र बनेगा भारत: संजय शर्मा

जयपुर @ पत्रिका प्लस. वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के बल पर भारत बहुत शीघ्र विकसित राष्ट्र बनेगा। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर आजादी के अमृत काल में देश को विकसित राष्ट्रों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये बात प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री संजय शर्मा ने कही। मौका था राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में आयोजित तीन दिवसीय 'राजस्थान विज्ञान महोत्सव' का।

प्रौद्योगिकी और नवाचार पर चर्चा

महोत्सव में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार: शोध प्रयोगशालाओं से आगे' विषय पर चर्चा भी हुई। यह सीएसआइआर-सीरी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, विज्ञान भारती और डीएसटी राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। वहीं, विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी भी आयोजित हुई।